दैनिक
# न्याय साक्षी



## संपादकीय

### छोटा कारोबार बचाएं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले हफ्ते सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) के लिए जिस धमाकेदार दिवाली तोहफे का ऐलान किया, उसके साथ यह राहत का भाव जुड़ा है कि अर्से बाद सरकार छोटे कारोबारियों की फिक्र करती नजर आई है। आज भी भारत में सबसे ज्यादा नौकरियां इसी सेक्टर में मिलती हैं, लिहाजा एमएसएमई का हाल सुधरेगा तो रोजगार के मोर्चे पर भी खुशहाली दिखेगी। लेकिन सवाल यही है कि सरकार की इस चिंता का क्या सचमुच कुछ फायदा इस सेक्टर को मिल पाएगा? प्रधानमंत्री की घोषणाएं पहली नजर में आकर्षक लगती हैं।

आईएल एंड एफएस के संकट में पड़ने के बाद एनबीएफसी (नॉन बैंकिंग फाइनेंस कंपनीज) फंडिंग का स्रोत सूखने का बुरा असर एमएसएमई यूनिटों पर पड़ा है। उनके लिए फंड हासिल करना बहुत मुश्किल हो गया है। ऐसे में एक करोड़ तक के लोन 59 मिनट में दिलवाने का प्रधानमंत्री का आश्वासन काफी मायने रखता है। सरकारी खरीद में 20 फीसदी के बजाय 25 फीसदी हिस्सा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों लिए आरक्षित किया जाना और जीएसटी भरने वाली एमएसएमई यूनिटों को टैक्स में 2 फीसदी तक की छूट भी मायने रखती है। लेकिन क्या ये घोषणाएं इस संकटग्रस्त सेक्टर के लिए संजीवनी का काम कर पाएंगी?

जिस सबसे बड़ी चुनौती से छोटे कारोबारी जूझ रहे हैं, वह यह है कि बाजार में उनका माल नहीं निकल रहा है। बड़े उद्योगों और बड़ी पूंजी ने खुले बाजार और खुली होड़ का फायदा उठाकर इन्हें मैदान से बाहर कर दिया है। यह पूरा सेक्टर अभी या तो सरकारी खरीद के सहारे टिका है (जो दिनोंदिन कम होती जा रही है), या फिर बड़ी कंपनियों की सब्सिडियरी जरूरतें पूरी कर रहा है। इन बड़ी कंपनियों को जब भी बाजार में अपने माल की खपत डगमगाती दिखती है, सबसे पहले वे सबसिडियरी कंपनियों के ऑर्डर रोकती हैं और उनका भुगतान टाल देती हैं। ऐसे में आसानी से लोन मिल भी जाए तो क्या कोई छोटा-मंझोला कारोबारी सिर्फ सरकारी खरीद के आश्वासन पर नई फैक्टरी डाल देगा?

हां, कोई महत्वाकांक्षी युवक ज्यादा छानबीन के बगैर एक करोड़ रुपये का लोन पा ले तो इससे अपने नाम पर लोन निकालने की इच्छा रखने वाले अन्य युवा जरूर प्रोत्साहित होंगे। मगर वे लोन लेने के बाद उसका करेंगे क्या, अगर बाजार में उनके प्रॉडक्ट के लिए लंबे समय की संभावनाएं ही नदारद हों? ये कर्जे नए एनपीए की शक्ल लेकर बैंकों के गले का पत्थर न बन जाएं, इस पर भी सरकार को समय रहते सोच लेना चाहिए।

सरकार की पहल अच्छी है, लेकिन इसके लिए बहुत देर हो चुकी है। पांच विधानसभा चुनावों के साथ ही देश में आम चुनाव का माहौल बनना शुरू हो गया है। नोटबंदी और जीएसटी के बाद विशेष रूप से गड्ढे में गए एमएसएमई सेक्टर के पुनर्जीवन के लिए जिस सुचिंतित प्रयास की जरूरत है, वह इतनी हड़बड़ी में शायद ही हो पाए।

## संगकारा को पीछे छोड़ने के बाद दिनेश कार्तिक की निगाहें धौनी के रिकॉर्ड पर




**नई दिल्ली।** भारत ने रविवार को कोलकाता के ईडन गार्डस पर पहले टी20 मैच में विंडीज को 5 विकेट से हराया था। इस मैच में रिषभ पंत की जगह दिनेश कार्तिक को विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी सौंपी गई। कप्तान रोहित के इस फैसले से सवाल भी कई उठे लेकिन कार्तिक ने इस मौके का फायदा उठाते हुए एक शानदार रिकॉर्ड अपने नाम किया।

वे टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा कैच लेने के मामले में कुमार संगाकारा को पीछे छोड़ दूसरे स्थान पर पहुंच गए, अब सिर्फ महेंद्रसिंह धौनी ही उनसे आगे हैं। कार्तिक ने इस मैच में विकेट के पीछे और आगे दोनों तरफ शानदार प्रदर्शन कर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई। कार्तिक ने तीन कैच लेकर रिकॉर्ड बनाने के साथ ही नाबाद 31 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलाई।

**संगाकारा को छोड़ा पीछे**

कार्तिक ने इस मैच में दिनेश रामदीन, शिमरोन हेटमायर और रोवमैन पॉवेल के कैच लपके। कार्तिक ने जैसे ही बुमराह की गेंद पर हेटमायर का कैच लपका, वे महान श्रीलंकाई विकेटकीपर कुमार संगकारा की बराबरी पर पहुंच गए। यह टी20 क्रिकेट में कार्तिक का 142वां कैच था। इसके बाद कार्तिक ने कुलदीप यादव की गेंद पर रोवमैन पॉवेल (4) का कैच लपका, यह उनका टी20 क्रिकेट में 143वां कैच था और उन्होंने संगकारा को पीछे छोड़ दिया। कार्तिक ने 252 मैचों की 219 पारियों में कुल 198 शिकार किए, इनमें 143 कैच और 55 स्टम्पिंग शामिल हैं। अब उनसे आगे सिर्फ महेंद्रसिंह धौनी है, जिन्होंने 297 मैचों में 151 कैच लपके हैं। वे कुल 228 शिकार (77 स्टम्पिंग भी) कर चुके हैं।

## धनतेरस पर बाजार में आई चमक, करोड़ों के कारोबार के साथ मनाई जा रही दिवाली

**बिलासपुर।** धनतेरस की खरीदारी के लिए सोमवार को पूरा शहर बाजार में उमड़ गया। देर रात तक स्थिति ये रही कि शहर के प्रमुख बाजारों में पैर रखने की जगह नहीं थी। सौभाग्य की आकांक्षा लिए लोगों ने जमकर खरीदारी की, बाजार विशेषज्ञों ने भी 50 करोड़ से अधिक के कारोबार की संभावना जताई है। एक तरफ जहां सोने-चांदी, बर्तन, आटोमोबाइल्स के अलावा इलेक्ट्रानिक्स आयटमों की धूम रही। वहीं इस वर्ष बाजार में धान की बालियों से बनी झालर मुख्य आकर्षण का केंद्र रही।



धनतेरस के अवसर पर ग्राहकों को लुभाने के लिए कार, बाइक, ज्वेलरी एवं इलेक्ट्रानिक्स डीलरों द्वारा एक से बढ़ कर एक आकर्षक ऑफर की घोषणा की गई है। कार डीलरों ने विभिन्न मॉडलों पर 5 से 25 हजार कैशबैक के साथ स्क्रैच कार्ड के ऑफर की घोषणा की है। इसमें स्कूटी, एलईडी, वॉशिंग मशीन और फ्रिज समेत अन्य इनाम दिए जाएंगे। वहीं ज्वैलर्स ने सोना-चांदी के 1 से 5 ग्राम तक के ऑफर ग्राहकों के लिए किया है।

सोने-चांदी के बर्तन जेवरों की बिक्री अधिक-धनतेरस के दिन सुख एवं समृद्धि के लिए सोने-चांदी के डिजाइनर जेवर, बर्तनों एवं सिक्कों की खरीदारी को शुभ माना गया है। ग्राहकों के लिए इनामी कूपन की व्यवस्था की गई है। ग्राहकों को लुभाने के लिए स्क्रैच कार्ड और इनामी कूपन के इंतजाम किए गए हैं।

## धनतेरस पर धड़ाम हुआ शेयर बाजार, 35 पैसे गिरा रुपया



**नई दिल्ली।** धनतेरस के दिन शेयर बाजार और करेंसी मार्केट की अच्छी शुरुआत देखने को नहीं मिली। सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट के साथ शुरुआत देखने को मिली। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 100 अंक टूटकर 35 हजार के नीचे फिसल गया। वहीं निफ्टी 40 अंक गिरकर 10,500 के करीब आ गया।

पीएसयू बैंक, फार्मा, आईटी और रियल्टी शेयरों में खरीदारी का माहौल है। बैंक निफ्टी 0.1 फीसदी गिरकर 25,680 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। मीडिया, प्राइवेट बैंक, पावर और ऑयल एंड गैस शेयर दबाव में नजर आ रहे हैं। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें, रुपये में गिरावट और चालू खाता घाटे की खराब स्थिति इसकी वजह रही। डॉलर के मुकाबले रुपया 36 पैसे की कमजोरी के साथ 72.80 के स्तर पर खुला है। वहीं, पिछले कारोबारी सत्र में डॉलर के मुकाबले रुपया 72.44 के स्तर पर बंद हुआ

## दिवाली से 1 दिन पहले कम हुआ पेट्रोल-डीजल का भाव

**नई दिल्ली।** पेट्रोल और डीजल के भाव में लगातार कटौती जारी है। दिवाली से पहले इनके दाम में इतनी कटौती एक तरह से आम आदमी के लिए तोहफा है। कच्चे तेल के दाम गिरने के कारण तेल कंपनियां लगातार इनके भाव में कटौती कर रही हैं। मंगलवार को पेट्रोल का भाव 14 पैसे घटा। दिल्ली में इसके बाद पेट्रोल का भाव गिरकर 78.42 रुपए प्रति लीटर हो गया।



मुंबई में पेट्रोल का भाव मंगलवार को 83.92 रुपए हो गया है। दिल्ली में डीजल का भाव भी 9 पैसे घटा। दिल्ली में डीजल का भाव 73.07 रुपए प्रति लीटर हो गया। वहीं मुंबई में इसका भाव 10 पैसे घटकर 76.57 रुपए प्रति लीटर हो गया। पिछले 20 दिनों में पेट्रोल का भाव अब तक 4.42 रुपए और डीजल का भाव 2.62 रुपए घट गया।

पिछले एक पखवाड़े से पेट्रोल और डीजल के दाम में कटौती जारी है। 4 अक्टूबर को सरकार ने पेट्रोल और डीजल की कीमत 2.5 रुपए घटाकर राज्य सरकारों से भी इसके भाव में इतनी ही कमी करने के लिए कहा था।

कच्चे तेल के दाम में पिछले कुछ दिनों से कटौती जारी है। ब्रेंट क्रूड का दाम 72.5 डॉलर प्रति बैरल पर चल रहा है। पिछले 2 हफ्तों में क्रूड के भाव में 15 फीसदी से ज्यादा की गिरावट आ चुकी है। दूसरी तरफ रुपया भी डॉलर के मुकाबले पिछले कुछ दिनों में 2 फीसदी मजबूत हुआ है।

## अयोध्या में मनेगी दिवाली, 3.35 लाख दीये की रोशनी में नहाएगी राम की नगरी

**अयोध्या। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में मंगलवार (6 नवंबर) को भव्य दिवाली समारोह का आयोजन किया जाएगा. सरयू नदी के दोनों तट पर 3.35 लाख दीये जलाकर पूरी अयोध्या को जगमग किया जाएगा.**



इस आयोजन में हिस्सा दक्षिण कोरिया की प्रथम महिला किम जुंग-सूक मुख्य अतिथि होंगी. उनके स्वागत के लिए शहर को खूब सजाया गया है और सड़कें एवं धरोहर इमारतें रोशनी से नहाई हुई हैं. सरयू नदी के घाट पर भगवान राम और भगवान हनुमान की मूर्ति लगाई गई है जबकि मुख्य कार्यक्रम के आयोजन स्थल के पास भव्य तोरण द्वार बनाया गया है. मालूम हो कि अयोध्या में हिंदूओं के अराध्य भगवान राम का जन्मस्थान माना जाता है.

नदी के घाट के पास के मंदिरों को रंग-बिरंगी रोशनियों से सजाया गया है और घाट की सीढ़ियों पर लाखों दीये लगाए गए हैं. दिवाली समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करने वालीं किम के स्वागत में मंगलवार को दीये जलाए जाएंगे. इतने अधिक दीयों को जलाने का एक मकसद इसे गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराना भी है.

अयोध्या की मुख्य सड़कें जगमग करती रोशनियों से नहाई हुई हैं. कार्यक्रम के लिए कई इमारतों को रोशनी से सजाया गया है. कार्यक्रम आयोजित कर रही टीम के एक सदस्य ने कहा, 'नदी के दोनों तटों पर कल करीब 3.35 लाख दीये जलाने की योजना है. अवध विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों के छात्र और अन्य लोग इन दीयों को जलाने आए हैं.' उन्होंने कहा, 'विश्वविद्यालय के कई छात्र नदी के तटों पर रामायण थीम पर रंगारंग रंगोलियां भी तैयार कर रहे हैं.'

किम चार दिन की यात्रा पर रविवार को भारत पहुंचीं. सोमवार को उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की जबकि विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने किम से मुलाकात की. दिल्ली से रवाना होने के बाद किम लखनऊ पहुंचीं, जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया. मंगलवार को किम 'चिकनकारी' करने वाले कारीगरों से मुलाकात करेंगी और फिर अयोध्या में स्मारक के भूमि पूजन समारोह एवं दीपोत्सव में शामिल होंगी।

## आज का राशिफल

मेषः- आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से आज का दिन लाभदायक रहेगा। लंबे समय के आर्थिक आयोजन पूरा कर सकेंगे। व्यवसाय में भी योजनाएं बना सकेंगे।

वृषभः- परिश्रम के अनुपात में कम लाभ मिल सकता है। वाणी की मधुरता अन्य लोगों को प्रभावित करेगी और लाभ प्राप्त कर सकेंगे। कला तथा पढ़ने, लिखने में आपकी रुचि रहेगी।

मिथुनः- आप बहुत ही भावुक रहेंगे। मन की परिस्थिति डावांडोल रहने के कारण निर्णय शक्ति का अभाव रहेगा। माताजी का स्वास्थ्य का विशेष रूप से ध्यान रखें।

कर्कः- काम में सफलता मिलेगी। आनंद उत्साह दोगुना होगा। मन में ताजगी और आनंद का अनुभव करेंगे। मित्रों और सगे-संबंधियों के साथ मुलाकात और प्रवास पर्यटन पर जाने का कार्य म बनेगा।

सिंहः- दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। कार्य में निर्धारित सफलता मिलेगी। परिवार में मेल- मिलाप का वातावरण रहेगा।

कन्याः- वैचारिक समृद्धि बढ़ेगी। व्यापार-धंधे में लाभ के साथ सफलता मिलेगी। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य भी बना रहेगा। मित्रों एवं स्नेहीजनो के साथ मिलन-मुलाकात होगा।

तुलाः- दिन मध्यम फलदायी होगा। स्वास्थ्य का विशेष रूप से ध्यान रखें। मनमाना व्यवहार मुसीबत में डाल सकता है। वाणी पर संयम रखना पड़ेगा, अन्यथा किसी के साथ झगड़े होने की आशंका है।

वृश्चिकः- नौकरी-धंधा और व्यवसाय के क्षेत्र में लाभ मिलेगा। मित्रों, सगे-संबंधियों और बुजुर्गों की तरफ से भी लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

धनुः- यश, कीर्ति और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में उच्च पदाधिकारी खुश रहने से प्रमोशन की संभावना बढ़ेगी। परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा।

मकरः-आज अनुकूल दिन है। व्यवसाय के क्षेत्र में प्रतिकूल वातावरण से मन अशांत हो सकता है। शरीर में थकान महसूस करेंगे।

कुंभः-दिन मिश्रित फलदायी होगा। झगड़े-विवाद से बचें, क्रोध और वाणी पर संयम रखें।

मीनः-दिन आनंददायक रहेगा। स्वजनों और मित्रों के साथ पिकनिक पर जा सकते हैं। सिनेमा, नाटक या बाहर भोजन करने जाने का कार्य म बनेगा।

## दीवाली स्पेशल: घर पर बनाएं स्वादिष्ट संदेश

**अगर आप भी दीवाली के इस खास मौके पर मेहमानों को घर की बनी मिठाई खिलाना चाहती हैं तो आप संदेश से उनका मुंह मीठा करवा सकती हैं। बनाने में आसान होने के साथ-साथ बंगाली मिठाई संदेश बेहद टेस्टी भी होती है। तो चलिए जानते हैं इस दीवाली घर पर संदेश बनाने की रेसिपी।**

**-सामग्री-**

- क्रीम मिल्क- 2 लीटर
- नींबू का रस, सिरका या दही- 2 टेबलस्पून
- पाउडर शुगर- ड्ट कप
- दालचीनी पाउडर- द टीस्पून
- बादाम- 3 टेबलस्पून (गार्निश के लिए)
- पिस्ता- 3 टेबलस्पून (गार्निश के लिए)
- चेरी- 3 टेबलस्पून (गार्निश के लिए)





**विधिः-**

**1.** एक पैन में 2 लीटर क्रीम मिल्क को अच्छी तरह उबाल लें।

**2.** अब इसमें 3 टेबलस्पून नींबू का रस, सिरका का दही मिक्स करें। अब दूध को तब तक उबालें जब तक यह पनीर जैसा न बन जाए।

**3.** इसके बाद इसे मलमल के कपड़ें में छानकर उसमें ठंडा पानी डालें। अब इसे 30 मिनट के लिए साइड पर रख दें, ताकि सारा पानी निकल जाए।

**4.** एक बाउल में पनीर डालकर उसे अच्छी तरह मैश करके आटे की तरह गूंद लें। फिर इसमें ड्ट कप पाउडर शुगर डालकर दोबारा गूंद लें।

**5.** पैन में पनीर मिक्चर डालें और फिर में द टीस्पून दालचीनी पाउडर डालकर 5 मिनट तक पकाएं। फिर इसे कुछ देर ठंडा होने के लिए छोड़ दें।

**6.** आटे में से थोड़े से मिश्रण को हाथों में लेकर पेड़े का आकार दें। इसी तरह सभी पेड़ें तैयार कर लें।

**7.** अब आप इसे ट्रे में सजाकर चेरी, बादाम और पिस्ता के साथ गार्निश करें।

**8.** लीजिए आपके संदेश (संदेश) बनकर तैयार है। अब आप इससे सबका मुंह मीठा करवाएं।


## शब्द सामर्थ्य-81

**बाएं से दाएं**

1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 80 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | सं | द | | सिं | हा | स | न | |
| ख | | म | ज | दू | र | | का | म |
| वा | द | क | | र | | सं | ब | ल |
| ड़ | | ल | ज्जा | | म | स्का | | य |
| | बा | | | बि | हा | र | | |
| सु | धा | क | र | | न | | | औ |
| रं | | म | | कि | ता | ब | | स |
| ग | | अ | र | सा | | हु | ज्ज | त |
| | श | क्ल | | न | मि | त | | न |

## सू-दोकू-81

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र. 80 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |